# २. क्या लिखूँ?

(क) नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिऐ।

1. लेखक को लेख लिखने में सबसे अधिक कठिनाई किसमें होती है?
   - (i) विषय चुनने में ☐
   - (ii) भाषा लिखने में ☐
   - (iii) परीक्षा में ☐
   - (iv) समय प्रबंधन में ☐
2. लेखक के अनुसार निबंध के लिए आवश्यक है—
   - (i) सुंदर हस्तलेखन ☐
   - (ii) सामग्री और शैली ☐
   - (iii) लंबा लेख ☐
   - (iv) कठिन शब्द ☐
3. लेखक के पास सामग्री जुटाने के लिए कहाँ जाने का समय नहीं था?
   - (i) स्कूल ☐
   - (ii) मित्र के घर ☐
   - (iii) पुस्तकालय ☐
   - (iv) बाज़ार ☐
4. निबंध लिखने से पहले क्या बनाना चाहिए?
   - (i) शीर्षक ☐
   - (ii) चित्र ☐
   - (iii) रूपरेखा ☐
   - (iv) सारांश ☐
5. लेखक को कितने विषयों पर निबंध लिखना था?
   - (i) एक ☐
   - (ii) चार ☐
   - (iii) तीन ☐
   - (iv) दो ☐
6. वृद्ध लोग क्या पसंद करते हैं?
   - (i) भविष्य ☐
   - (ii) वर्तमान ☐
   - (iii) अतीत ☐
   - (iv) परिवर्तन ☐
7. बाणभट्ट किस ग्रंथ के लिए प्रसिद्ध हैं?
   - (i) रामायण ☐
   - (ii) कादंबरी ☐
   - (iii) गीता ☐
   - (iv) महाभारत ☐
8. मानटेन किस विधा से जुड़े हैं?
   - (i) कविता ☐
   - (ii) नाटक ☐
   - (iii) कहानी ☐
   - (iv) निबंध ☐

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

9. खुसरो ने कितने विषयों को एक साथ जोड़ा?
   (i) चार ☐ (iii) तीन ☐
   (ii) दो ☐ (iv) पाँच ☐
10. इनमें से कौन सुधारक नहीं है?
   (i) कबीर ☐ (iii) नानक ☐
   (ii) गांधी ☐ (iv) शेक्सपीयर ☐

(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सहायता बॉक्स से सही शब्द चुनिए।

[संबद्ध, क्रांति, सुधारों, हैट, अमीर खुसरो, परिश्रम, संबद्ध, दुर्बोध,, उमंग, प्रवाह]

1. गार्डिनर के अनुसार लेखन में _________ और स्फूर्ति होती है।
2. लेखक को लेख लिखने के लिए _________ करना पड़ता है।
3. वाक्य छोटे-छोटे हों पर एक-दूसरे से _________ होने चाहिए।
4. संस्कृत कवियों ने जान-बूझकर अपनी कविता को _________ बनाया।
5. तरुण _________ के समर्थक होते हैं और वृद्ध अतीत-गौरव के संरक्षक।
6. वर्तमान को _________ का काल कहा गया है।
7. आचार्य महोदय के अनुसार भाषा में _________ होना आवश्यक है।
8. बख्शी जी के अनुसार असली वस्तु _________ है, खूँटी नहीं।
9. _________ ने एक ही पद्य में चारों विषयों को जोड़ा।
10. _________ ने एक ही पद्य में चारों विषयों को जोड़ा।

(ग) खंड 'अ' के शब्दों का खंड 'ब' से सही मिलान कीजिए।

| Column A | Column B | Ans. |
|---|---|---|
| 1. विश्वकोश | 1. सामग्री और शैली | 1. ____ |
| 2. कलरव | 2. सुधारों का काल | 2. ____ |
| 3. गार्डिनर | 3. ज्ञान या विषयों की व्यापक जानकारी वाला ग्रंथ | 3. ____ |
| 4. निबंध के अंग | 4. दूर के ढोल सुहावने होते हैं (पद्य रचना) | 4. ____ |
| 5. अमीर खुसरो | 5. चिड़ियों की मधुर ध्वनि | 5. ____ |
| 6. वर्तमान युग | 6. प्रसिद्ध अंग्रेजी निबंधका | 6. ____ |

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

(घ) प्रत्येक कथन के सामने 'सत्य' या 'असत्य' लिखिए।

1. नमिता ने समाज-सुधार पर निबंध लिखने को कहा। ☐
2. बड़े निबंध छोटे से अच्छे होते हैं। ☐
3. अच्छे निबंध में भाषा स्पष्ट होनी चाहिए। ☐
4. बाणभट्ट ने छोटे वाक्य लिखे हैं। ☐
5. अंग्रेजी निबंधकार अनुभव आधारित लेखन करते हैं। ☐
6. दूर की वस्तुएँ अधिक आकर्षक लगती हैं। ☐
7. समाज में दोष समाप्त हो चुके हैं। ☐
8. जीवन को प्रगतिशील माना गया है। ☐
9. लेखक आसानी से रूपरेखा बना लेता है। ☐
10. संस्कृत कवियों ने सरल भाषा अपनाई। ☐

(ङ) निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. आत्मपरक शैली की क्या विशेषता होती है?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

2. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

3. लेखक पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी ने अपने लेखन में किन विषयों को प्रमुखता दी है?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

4. समाज में सुधारों की आवश्यकता क्यों पड़ती है?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

5. 'जीवन प्रगतिशील है'— कैसे?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

6. तरुण और वृद्ध के बीच क्या अंतर है?

उत्तर: ________________________________________________________________

________________________________________________________________

7. 'दूर के ढोल सुहावने होते हैं' का उदाहरण देकर लेखक क्या समझाना चाहता है?

   उत्तर: ________________________________________________________________

   ________________________________________________________________

8. लेखक ने समाज-सुधार को निरंतर प्रक्रिया क्यों बताया है?

   उत्तर: ________________________________________________________________

   ________________________________________________________________

9. लेखक किस अंग्रेजी निबंधकार के विचार को याद करते हैं?

   उत्तर: ________________________________________________________________

   ________________________________________________________________

10. लेखक के सामने नमिता और अमिता ने किन दो विषयों पर निबंध लिखने का आग्रह किया था?

    उत्तर: ________________________________________________________________

    ________________________________________________________________

(च) निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।

1. 'क्या लिखूँ' निबंध के आधार पर एक निबंध की मुख्य विशेषताएँ लिखिए। भावों की प्रधानता, विषय, विचार-समूह और सरल भाषा के महत्व को समझाइए।

   उत्तर: ________________________________________________________________

   ________________________________________________________________

   ________________________________________________________________

   ________________________________________________________________

   ________________________________________________________________

2. लेखक के अनुसार निबंध लेखन केवल जानकारी देना नहीं होता। पाठ से उदाहरण देकर समझाइए कि लेखक के अनुभव, भावनाएँ और कल्पनाशक्ति निबंध को कैसे रोचक बनाते हैं?

   उत्तर: ________________________________________________________________

   ________________________________________________________________

   ________________________________________________________________

   ________________________________________________________________

   ________________________________________________________________

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

3. लेखक के अनुसार सफल निबंध लेखन के लिए क्या आवश्यक है?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

4. निबंध में अमीर खुसरो की कहानी का क्या महत्व है?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

5. ढोल की ध्वनि को आनंद और उत्सव से कैसे जोड़ा गया है?

   उत्तर: ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

   ______________________________________________

(छ) निम्नलिखित समस्त पदों का समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए।

1. समाज-सुधार = ______________________ ( ................. समास)
2. दो घंटे = ______________________ ( ................. समास)
3. विवाहोत्सव = ______________________ ( ................. समास)
4. महान सुधारक = ______________________ ( ................. समास)
5. तरुण-वृद्ध = ______________________ ( ................. समास)
6. विश्वकोश = ______________________ ( ................. समास)
7. गाँव-गाँव = ______________________ ( ................. समास)
8. महावीर = ______________________ ( ................. समास)
9. अतीत-गौरव = ______________________ ( ................. समास)
10. पाँच पेज = ______________________ ( ................. समास)

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

(ज) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची (समानार्थक) शब्द लिखिए।

1. आवेग - ________ ________
2. प्रधान - ________ ________
3. प्रमोद - ________ ________
4. आदेश - ________ ________
5. कटु - ________ ________
6. जतन - ________ ________

(झ) निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक (विलोम) शब्द लिखिए।

1. सुहावना X ________
2. प्रगतिशील X ________
3. अतीत X ________
4. उज्ज्वल X ________
5. अस्पष्टता X ________
6. कठोरता X ________

(ञ) नीचे दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

1. दूर के ढोल सुहावने होना

   अर्थ - ________________________________________________

   वाक्य - ________________________________________________

2. कान के पर्दे फटना

   अर्थ - ________________________________________________

   वाक्य - ________________________________________________

(ट) दिए गए शब्दों में उचित उपसर्ग या प्रत्यय लगाकर वाक्य पूर्ण कीजिए।

1. वर्तमान से दोनों को ________ (संतोष) होता है।
2. लेखक को लेखन में बहुत ________ (कठिन) का अनुभव होता है।
3. बिना तैयारी के निबंध लिखना एक ________ (यथार्थ) स्थिति है।
4. अच्छे निबंध में भाषा की ________ (सरल) होनी चाहिए।
5. कठिन शब्दों के कारण भाषा ________ (बोध) हो जाती है।
6. अच्छे निबंध में ________ (स्पष्ट) आवश्यक होती है।
7. लेखक की शैली में ________ (गंभीर) दिखाई देती है।
8. लेखक को रूपरेखा बनाना ________ (संभव) नहीं लगता।
9. बिना सोच-विचार के लिखना ________ (उचित) नहीं है।
10. कठिन विषय को सरल बनाना लेखक की ________ (योग्य) पर निर्भर करता है।

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

(ठ) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

मनुष्य जाति के इतिहास में कोई ऐसा काल ही नहीं हुआ, जब सुधारों की आवश्यकता न हुई हो। तभी तो आज तक कितने ही सुधारक हो गए हैं, पर सुधारों का अंत कब हुआ है? भारत के इतिहास में बुद्धदेव, महावीर स्वामी, नागार्जुन, शंकराचार्य, कबीर, नानक, राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद और महात्मा गांधी में ही सुधारकों की गणना समाप्त नहीं होती। सुधारकों का दल नगर-नगर और गाँव-गाँव में होता है। यह सच है कि जीवन में नए-नए दोष उत्पन्न होते जाते हैं और नए-नए सुधार हो जाते हैं। न दोषों का अंत है और न सुधारों का। जो कभी सुधार थे, व आज दोष हो गए हैं और उन सुधारों का फिर नव सुधार किया जाता है। तभी तो यह जीवन प्रगतिशील माना गया है। हिंदी में प्रगतिशील साहित्य का निर्माण हो रहा है। उसके निर्माता यह समझ रहे हैं कि उनके साहित्य में भविष्य का गौरव निहित है। पर कुछ ही समय के बाद उनका यह साहित्य भी अतीत का स्मारक हो जाएगा और आज जो तरुण हैं, वहीं वृद्ध होकर अतीत के गौरव का स्वप्न देखेंगे। उनके स्थान में तरुणों का फिर दूसरा दल आ जाएगा, जो भविष्य का स्वप्न देखेगा। दोनों के ही स्वप्न सुखद होते हैं, क्योंकि दूर के ढोल सुहावने होते हैं।

* गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए:

1. भारत के इतिहास में किन लोगों को सुधारक कहा गया है?

   उत्तर: ____________________________________________

   ____________________________________________

2. सुधारकों का दल कहाँ-कहाँ होता है?

   उत्तर: ____________________________________________

   ____________________________________________

3. साहित्य के निर्माता अपने साहित्य के बारे में क्या सोचते हैं?

   उत्तर: ____________________________________________

   ____________________________________________

4. जीवन में क्या उत्पन्न होते रहते हैं?

   उत्तर: ____________________________________________

   ____________________________________________

5. निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए:

   - प्रगतिशील - ____________
   - स्मारक - ____________

# Answer

(क) बहुविकल्पीय प्रश्न:

1. (i) विषय चुनने में
2. (ii) सामग्री और शैली
3. (iii) पुस्तकालय
4. (iii) रूपरेखा
5. (iv) दो
6. (iii) अतीत
7. (ii) कादंबरी
8. (iv) निबंध
9. (i) चार
10. (iv) शेक्सपीयर

(ख) रिक्त स्थान पूर्ति:

1. उमंग
2. परिश्रम
3. संबद्ध
4. दुर्बोध
5. क्रांति
6. सुधारों
7. प्रवाह
8. हैट
9. अमीर खुसरो
10. अमीर खुसरो

(ग) उचित मिलान:

1 → 3    2 → 5    3 → 6    4 → 1    5 → 4    6 → 2

(घ) सत्य / असत्य:

1. असत्य
2. असत्य
3. सत्य
4. असत्य
5. सत्य
6. सत्य
7. असत्य
8. सत्य
9. असत्य
10. असत्य

(ङ) लघु उत्तरीय प्रश्न:

1. आत्मपरक शैली में लेखक अपने व्यक्तिगत अनुभव, विचार और भावनाओं को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करता है। इसमें लेखन अधिक रोचक और प्रभावशाली बन जाता है।
2. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का जन्म 1894 ई. में छत्तीसगढ़ के राजनांदगाँव में हुआ था।
3. लेखक ने समाज, संस्कृति, साहित्य, जीवन और मानवीय भावनाओं से जुड़े विषयों को प्रमुखता दी है।
4. समाज में समय-समय पर नए दोष उत्पन्न होते रहते हैं, इसलिए उन्हें दूर करने के लिए सुधारों की आवश्यकता पड़ती है।
5. जीवन निरंतर परिवर्तनशील है। इसमें नए विचार, नए सुधार और नई परिस्थितियाँ आती रहती हैं, इसलिए जीवन को प्रगतिशील कहा जाता है।
6. तरुण भविष्य के सपने देखते हैं और नए विचारों के समर्थक होते हैं, जबकि वृद्ध अतीत के गौरव को याद करते हैं।
7. लेखक बताना चाहता है कि दूर की वस्तुएँ या बातें हमेशा अच्छी और आकर्षक लगती हैं, जबकि वास्तविकता अलग हो सकती है।

8. क्योंकि समाज में दोष समाप्त नहीं होते, बल्कि नए दोष उत्पन्न होते रहते हैं, इसलिए सुधार की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है।
9. लेखक गार्डिनर नामक अंग्रेजी निबंधकार को याद करते हैं।
10. उन्होंने समाज-सुधार और वर्तमान विषयों पर निबंध लिखने का आग्रह किया था।

(च) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

1. एक अच्छे निबंध में विषय की स्पष्टता, भावों की प्रधानता, विचारों का क्रमबद्ध समूह तथा सरल भाषा का विशेष महत्व होता है। निबंध केवल जानकारी का संग्रह नहीं होता, बल्कि उसमें लेखक के विचार और भावनाएँ भी झलकती हैं। विषय ऐसा होना चाहिए जिस पर लेखक के पास पर्याप्त सामग्री हो। विचारों को क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत करना आवश्यक है ताकि निबंध में एकता और संगति बनी रहे। भाषा सरल, स्पष्ट और प्रवाहपूर्ण होनी चाहिए, जिससे पाठक आसानी से समझ सके। कठिन और जटिल शब्दों से निबंध बोझिल हो जाता है, इसलिए सरल भाषा का प्रयोग करना चाहिए।
2. लेखक के अनुसार निबंध केवल तथ्य या जानकारी देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह लेखक के अनुभव, भावनाओं और कल्पनाशक्ति की अभिव्यक्ति भी है। जब लेखक अपने व्यक्तिगत अनुभवों और भावनाओं को निबंध में जोड़ता है, तो वह अधिक जीवंत और रोचक बन जाता है। उदाहरण के रूप में लेखक ने अपने लेखन की कठिनाइयों और विचारों को प्रस्तुत किया है, जिससे पाठक को वास्तविकता का अनुभव होता है। कल्पनाशक्ति के प्रयोग से साधारण विषय भी आकर्षक बन सकता है, इसलिए निबंध में केवल जानकारी नहीं, बल्कि भावनात्मक और रचनात्मक पक्ष भी होना चाहिए।
3. सफल निबंध लेखन के लिए विषय की सही समझ, पर्याप्त सामग्री, स्पष्ट रूपरेखा और प्रभावशाली शैली आवश्यक है। निबंध लिखने से पहले उसकी रूपरेखा बनानी चाहिए, जिससे विचारों को व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया जा सके। भाषा सरल, स्पष्ट और प्रवाहपूर्ण होनी चाहिए। लेखक को अपने विचारों को क्रमबद्ध और तार्किक रूप से प्रस्तुत करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, निबंध में रोचकता बनाए रखने के लिए उदाहरणों और अनुभवों का भी प्रयोग करना चाहिए।
4. अमीर खुसरो की कहानी का उपयोग लेखक ने यह दिखाने के लिए किया है कि एक कुशल लेखक अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता के माध्यम से एक ही रचना में कई विषयों को जोड़ सकता है। खुसरो ने एक ही पद्य में कई विषयों को समाहित किया, जिससे उनकी प्रतिभा का परिचय मिलता है। यह उदाहरण निबंध को रोचक और प्रभावशाली बनाने के लिए दिया गया है तथा यह सिखाता है कि लेखक को अपनी कल्पनाशक्ति का उपयोग करना चाहिए।
5. ढोल की ध्वनि सामान्यतः उत्सव, समारोह और खुशी के अवसरों पर सुनाई देती है, इसलिए इसे आनंद और उल्लास का प्रतीक माना जाता है। लेखक ने 'दूर के ढोल सुहावने होते हैं' कहावत के माध्यम से यह समझाया है कि दूर की चीजें अधिक आकर्षक लगती हैं। ढोल की आवाज दूर से मधुर और अच्छी लगती है, परंतु पास जाकर वह उतनी सुखद नहीं लगती। इस उदाहरण से लेखक यह बताना चाहता है कि वास्तविकता और कल्पना में अंतर होता है।

(छ) समास-विग्रह

1. समाज का सुधार (तत्पुरुष)
2. दो घंटे (द्विगु)
3. विवाह का उत्सव (तत्पुरुष)
4. महान सुधारक (कर्मधारय)
5. तरुण और वृद्ध (द्वंद्व)
6. विश्व का कोश (तत्पुरुष)
7. गाँव-गाँव (अव्ययीभाव)
8. महान वीर (कर्मधारय)
9. अतीत का गौरव (तत्पुरुष)
10. पाँच पेज (द्विगु)

(ज) पर्यायवाची

1. आवेग – वेग, जोश
2. प्रधान – मुख्य, प्रमुख
3. प्रमोद – आनंद, खुशी
4. आदेश – आज्ञा, निर्देश
5. कटु – कड़वा, तीखा
6. जतन – प्रयास, कोशिश

(झ) विलोम

1. सुहावना × अप्रिय
2. प्रगतिशील × प्रतिगामी
3. अतीत × भविष्य
4. उज्ज्वल × अंधकारमय
5. अस्पष्टता × स्पष्टता
6. कठोरता × कोमलता

(ञ) मुहावरे — अर्थ और वाक्य प्रयोग — उत्तर

1. दूर के ढोल सुहावने होना

   अर्थ – दूर की चीजें अच्छी लगना

   वाक्य – विदेश की नौकरी उसे बहुत अच्छी लगती है, जैसे दूर के ढोल सुहावने होते हैं।

2. कान के पर्दे फटना

   अर्थ – बहुत तेज आवाज होना

   वाक्य – पटाखों की आवाज से कान के पर्दे फटने लगे।

(ट) वाक्य

1. असंतोष
2. कठिनाई
3. यथार्थता
4. सरलता
5. दुर्बोध
6. स्पष्टता
7. गंभीरता
8. असंभव
9. अनुचित
10. योग्यता

(ठ) गद्यांश

1. बुद्ध, महावीर, कबीर, नानक, गांधी आदि सुधारक हैं।
2. नगर-नगर और गाँव-गाँव।
3. उनका साहित्य भविष्य का गौरव है।
4. दोष और सुधार उत्पन्न होते रहते हैं।
   - प्रगतिशील – आगे बढ़ने वाला
   - स्मारक – यादगार वस्तु